# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम
## पाठ्यक्रम 2021-22

**कक्षा सातवीं**

**क्रिया**

**क्रिया:- जिस शब्द से किसी काम के करने या होने का बोध हो, उसे क्रिया कहते हैं।**

1) जल्लाद ने तलवार उठायी।

2) सैनिकों ने राजा को पकड़ लिया।

3) राजा चिल्ला रहा था।

4) सैनिक चल पड़े।

इन वाक्यों में 'उठाई', 'पकड़ लिया','चिल्ला रहा था' और 'चल पड़े' शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चलता है।

**क्रिया के दो भेद होते हैं:-**

1) सकर्मक क्रिया 2) अकर्मक क्रिया

**1) सकर्मक क्रिया:-** जिस क्रिया में कर्म होता है, वह सकर्मक क्रिया कहलाती है।

क) जल्लाद ने तलवार उठायी।

इस वाक्य में जल्लाद ने क्या उठाई? उत्तर- तलवार। 'तलवार' कर्म है। इसलिए यह सकर्मक क्रिया है।

ख) सैनिकों ने राजा को पकड़ लिया।

इस वाक्य में सैनिकों ने किसे पकड़ लिया? उत्तर- राजा को। 'राजा को' कर्म है। इसलिए यह भी सकर्मक क्रिया है।

**2) अकर्मक क्रिया:-**जिन क्रियाओं में कर्म नहीं होता, वह अकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।

क) राजा चिल्ला रहा था।

इस वाक्य में केवल कर्त्ता (राजा) तथा क्रिया (चिल्ला रहा था) का प्रयोग किया गया है। यहाँ कर्म नहीं है। इसलिए यहाँ अकर्मक क्रिया है।

ख) सैनिक चल पड़े।

इस वाक्य में केवल कर्त्ता (सैनिक) तथा क्रिया (चल पड़े) का प्रयोग किया गया है। यहाँ भी कर्म नहीं है। इसलिए यहाँ भी अकर्मक क्रिया है।